# चेटीचंड पर सिंधी समाज के घर-घर में विराजेंगे भगवान झूलेलाल

**अजमेर,** (कासं)। चेटीचंड के अवसर पर भगवान झूलेलाल घर-घर विराजेंगे। सिंधी समाज के लोग घरों में भी अपने आराध्य देव की पूजा-अर्चना कर सकेंगे। सिंधी समाज में यह नवाचार पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी की ओर से किया जा रहा है। इस नवाचार अभियान का आगाज 12 मार्च से होगा, जिसमें 22 मार्च तक झूलेलाल की 21 सौ मूर्तियों का वितरण किया जाएगा।

देवनानी ने बताया कि चेटीचंड महोत्सव को यादगार बनाने के लिए पहली बार यह नवाचार किया जा रहा है। मूर्तियां बनवाने का काम तेजी से चल रहा है। उनका पूरा प्रयास है कि 22 मार्च तक सभी 21 सौ तैयार मूर्तियों का वितरण हो जाए। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को जवाहर रंगमंच में सिंधी संगीत समिति की ओर से अमर शहीद हेमू कालाणी पर आयोजित कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वहीं से झूलेलाल की मूर्तियों वितरित करने का सिलसिला शुरू किया जाएगा।

# अजमेर के विकास के लिए सरकार कृत संकल्प : राठौड़

- आरटीसीसी की होटल में पत्रकारों को मिलेगी 50 प्रतिशत की रियायत
- अजमेर सिटी दर्शन के लिए शीघ्र प्रारंभ होगी बस सेवा

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री धर्मेंद्र राठौड ने कहा कि राजस्थान सरकार अजमेर के विकास के लिए सकंल्प है। निगम अध्यक्ष राठौड़ अजयमेरू प्रेस क्लब में मीट द प्रेस कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पत्रकारों को होली की शुभकामना देते हुए होली के पावन पर्व पर आरटीडीसी की होटलों में आवास एवं रेस्टोरेंट्स बिल पर 50 पतिशत की कटौती रियायत की सौगात दी। उन्होंने कहा कि आरटीडीसी होटल में अधिस्वीकृत पत्रकारों को रिसेप्शन पर परिचय पत्र दिखाने पर यह रियायत मिलेगी।

निगम अध्यक्ष राठौड ने कहा कि अजमेर में देसी विदेशी पर्यटकों को अजमेर सिटी दर्शन की पर्यटन बस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री ने श्रेष्ठ कोरोना आपदा प्रबंधन किया है। जिसकी संपूर्ण विश्व में प्रशंसा की जा रही है। सरकार की उपलब्धियां गिनाते हो उन्होंने कहा कि इंदिरा रसोई मेरी आई थी घर पर खाना, ओ पी एस स्कीम, चिरंजीवी योजना बिजली के बिलों में कटौती उज्जवला योजना में 500 रूपए का सिलेंडर की सौगात देकर कांग्रेस सरकार ने आमजन को राहत प्रदान की है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जितनी कल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ की है। देश के किसी भी प्रदेश में नहीं है। कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

निगम अध्यक्ष राठौड़ से जब पत्रकारों ने पूछा कि आप अजमेर में सक्रिय है। आप अजमेर उत्तर या पुष्कर विधानसभा से विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे ? तब उन्होंने कहा कि यह फैसला हाईकमान को करना है ! अजमेर मेरा पैतृक जिला है मेरा मुख्य उद्देश्य अजमेर में संगठन को मजबूत करना एवं अजमेर के विकास करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अजमेर जिले से कांग्रेस के दो विधायक हैं और कांग्रेस हाईकमान के प्रयास है कि आगामी विधानसभा चुनाव में आठ में 8 विधानसभा में से 6 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी हो ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अजमेर एवं पुष्कर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सार्थक प्रयास कर रहे हैं शीघ्र ही पुष्कर का कायाकल्प होगा। बजट 2023 24 मई पुष्कर के लिए 101 करोड़ रुपए दिए हैं जिसमें से पुष्कर के घाटों के जीर्णोद्धार नवीनीकरण एवं सौंदर्य करण पर 80 करोड़ पुष्कर के गंदे पानी पुष्कर सरोवर में गंदे पानी की आवक को रोकने के लिए 11 करोड़ एवं पुष्कर इंटरनेशनल टेंस सिटी बनाने के लिए 10 करोड दिए हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुष्कर के योजनाबद्ध एवं चरणबद्ध विकास के लिए लगभग 500 करोड़ रुपए की योजनाओं को का अनुमोदन किया है जिसके शीघ्र विकास एवं निर्माण कार्य प्रारंभ होंगे। मीट दा प्रेस कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष राठौड़ ने सादगी एवं संवेदनशीलता से पत्रकारों की समस्याओं को सुना और पत्रकारों के समस्याओं के शीघ्र समाधान समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अजयमेरु प्रेस क्लब के अध्यक्ष रमेश अठावाल महासचिव आनंद शर्मा ने निगम अध्यक्ष राठौड़ का माल्यार्पण कर, शाल पहनाकर, साफा बांधकर स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया।

## स्कूल भवनों के मरम्मत के लिए 29 लाख मंजूर

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र सिंह रलावता ने कहा है कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र के 3 स्कूल भवनो के मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर 29 लाख रूपये मंजूर किये गये है। रलावता ने बताया कि इस सम्बन्ध में स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर समठा शिक्षा और कमीश्नर स्कूल शिक्षा डॉ. मोहन लाल यादव ने आदेश जारी किया है। जिसके अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय नौसर के लिए 5 लाख रूपये, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटडा के लिए 6 लाख रूपये व राजकीय ओसवाल जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय पट्टी कटला के लिए 18 लाख रूपये मंजूर किये गये है। इस तरह इन तीनो स्कूलों के मरम्मत कार्यो पर 29 लाख रूपये खर्च किये जाएंगे। रलावता ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं शिक्षा मंत्री बी.डी. कल्ला का आभार व्यक्त किया है।


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या डी-298 क्षेत्रफल 50.00 वर्गगज के आवंटी श्री गिरधारी लाल गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द गुप्ता निवासी स्टेशन रोड़, शिव कॉलोनी, हिण्डौन सिटी ( राज. ) की मृत्यु दिनांक 23/12/2011 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसानों क्रमशः 1- श्रीमती माया देवी पत्नि स्व. श्री रमेश चन्द, जाति अग्रवाल, निवासी शिव कॉलोनी, हिण्डोन, करौली ( राज. ) 2- श्रीमती मोना गुप्ता उर्फअनिता पत्नि श्री विनोद धीवाला एवं पुत्री स्व. श्री रमेश चन्द, जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम पंचायत के सामने, मंडावरी, जिला दौसा ( राज. ) के द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री वेद प्रकाश गुप्ता पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द गुप्ता, जाति अग्रवाल, निवासी शिव कॉलोनी, हिण्डोन, करौली ( राज. ) के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 01/03/2013 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर



**कार्यालय ग्राम पंचायत मेड़िया, पंचायत समिति जवाजा, अजमेर**

क्रमांक: 2022-23/54 दि.:07.06.2022

**पट्टा आक्षेप आमंत्रण आपत्ति सूची**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मेडिया में निम्न प्रार्थियो के आवासीय भूखंड पट्टे हेतु आवेदन प्राप्त हुए। राजस्थान सरकार के पंचायतीराज नियम 1996 नियम 157 (क) के तहत पुराने भवनों/आवासीय मकानों के पट्टे ग्राम पंचायत मेडिया द्वारा जारी किये जाने प्रस्तावित है। जिन पर आपत्तियां दर्ज की जानी है, यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो 7 दिवस के भीतर में अपनी आपत्ति मयदस्तावेज कार्यालय हाजा में प्रस्तुत होकर देवें। बाद मियाद गुजरने पर किसी भी व्यक्ति की किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

| क्र.सं. | नाम पिता/पति का नाम | गांव का नाम | खसरा नंबर |
|---|---|---|---|
| 01. | महेंद्र कुमार चौधरी पुत्र भंवर लाल जाति जाट | रामपुरा मेवातियान | 121 |
| 02. | अशोक चौधरी पुत्र रणजीत चौधरी जाति जाट | रामपुरा मेवातियान | 121 |

नोट- उपरोक्त क्रम सं. 01 से 02 तक यदि पूर्व में किसी स्तर में कोई भी पट्टा जारी हो किसी प्रकार का आपसी भाई बंटवारा और विवाद या किसी भी न्यायालय में प्रकरण दर्ज हो या किसी पड़ौसी को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय ग्राम पंचायत मेडिया में आज दिनांक से आगामी30दिवस में प्रस्तुत करें। समय की मियाद - बाद किसी भी कार्यवाही के लिए ग्राम पंचायत जिम्मेदार नहीं होगी।

**दीपू गहलोत** — सरपंच, ग्राम पंचायत मेडिया
**संजय भाटी** — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मेडिया



**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती यमुना देवी पत्नी श्री भीयाराम की चौधरी निवासी-किसान कॉलोनी, वैशाली नगर, अजमेर के 200 वर्गगज के भूखण्ड पत्रावली नियमन हेतु ग्राम लोहागल के वर्किंग खसरा नम्बर 619 मे प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड की भूमि आवेदिका ने श्री चन्दीराम चौधरी पुत्र स्व. श्री सुरजाराम जी चौधरी जाति जाट एवं श्री अजीज खान पुत्र श्री आलम खान जाति चीता बहैसियत मुख्त्यारआम श्रीमती सोहनी देवी उपनाम सोनी देवी पत्नी श्री कैलाश चन्द जी से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 01.04.2005 से क्रय की है। उपरोक्त रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मे खसरा नम्बर का अंकन नही है। उक्त भूखण्ड मे आवेदिका द्वारा मकान निर्मित कर निवास किया जा रहा है। राज्य सरकार के परिपत्र दिनांक 28.07.2022 के अनुसार दैनिक समाचार पत्र मे विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अत: किसी भी हितबद्धधारी को इस नियमन के संबंध मे आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी। उपायुक्त उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर



**कार्यालय पंचायत समिति हुरड़ा, जिला भीलवाड़ा**

क्रमांक-पसहु/निर्माण/लेखा/2022-23/2087 दिनांक - 8/3/2023

**निविदा सूचना 12/2022**

पंचायत समिति हुरडा के अधीन में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के पन्द्रहवां वित्त आयोग योजना से कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा से संबंधित प्रपत्र एवं अन्य शर्तें https//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO. ZBL2223WSOB01885
NIB NO. ZBL2223AO768

( ज्योति प्रजापति )
विकास अधिकारी, पंचायत समिति हुरड़ा भीलवाड़ा



**कार्यालय पंचायत समिति हुरड़ा, जिला भीलवाड़ा**

क्रमांक-पसहु/निर्माण/लेखा/2022-23/2088 दिनांक - 8/3/2023

**निविदा सूचना 14/2022**

पंचायत समिति हुरडा के अधीन में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के राज्य वित्त आयोग षष्ठम योजना से कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा से संबंधित प्रपत्र एवं अन्य शर्तें https//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO. ZBL2223WSOB01886
NIB NO. ZBL2223AO769

( ज्योति प्रजापति )
विकास अधिकारी, पंचायत समिति हुरड़ा भीलवाड़ा



**विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड**

VISTAAR FINANCE
CIN: U67120K1991PTC059126, RBI पंजीकरण क्र.: B-02.00251
पंजीकृत कार्यालयः प्लाट नंबर 59 और 60 -23, 22nd क्रॉस, 29 मैन, BTM लेआउट, 2nd स्टेज, बैंगलोर-560076

**शाखा स्थानांतरण की सूचना**

नंबर 34, वार्ड नंबर 14, भोपालगंज, एसबीबीजे बैंक के ऊपर, भीलवाडा-311001, राजस्थान, स्थित शाखा कार्यालय को प्रचिालन कारणों एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित करने की सूचना एतद्वारा दी जा रही है। किसी भी दावे/बकाया शिकायत के लिए, हितधारकों से अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए पते पर संपर्क करें :

पता : विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड.,
डी-7, प्रथम तल, महाराणा प्रताप सेतु मार्ग, चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312001
मोबाइल नं.: 7976945494 / 9772641277
ई-मेल : cm.chittorgarh@vistaarfinance.com
bm.chittorgarh@vistaarfinance.com

स्थान : बैंगलोर

विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
अधिकृत हस्ताक्षरी



**fincare** Small Finance Bank

Registered Office: 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. www.fincarebank.com

**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ( "Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **16 March 2023** at below mentioned branches.

**BANSWARA** - 22660000476424 | **BHILWARA** - 22660000483941 | **CHITTORGARH** - 22660000424943 | **DUNGARPUR** - 22660000464147 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 22660000448528, 22660000536442, 22660001039231, 22660001060110, 22660001113182 | **JHALAWAR** - 22660000486245 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS ROAD** - 22660000446272, 22660000446482 | **UDAIPUR - MADHUBAN BANK STREET** - 22660000428016, 22660000447880, 22660000456632, 22660000477782, 22660000505072, 22660000604005

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.


# तेली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

- 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**अजमेर,** (कासं)। श्री तैलिक वैश्य समाज सभा का प्रदेश स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन गुरुवार को मेयो कॉलेज़ के पिछे श्री विनायक मैरिज गार्डन मे सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते नगर परिषद के पूर्व सभापति सुरेंद्र सिंह शेखावत संयोजक कैलाश झालीवाल समाज अध्यक्ष बाबूलाल साहू बाथरा ने कहा कि अज्ञानता व कुरीतियों के कारण समाज विकास नही कर पाता है। आज के दौर मे शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि अपनें बच्चों को शिक्षित बनाना बहुत जरूरी हैं। तभी हमारा समाज व देश का विकास संभव है।

उपाध्यक्ष देवेन्द्र आसरवा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री तैलिक वैश्य समाजसभा का यह नववां विवाह सम्मेलन है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर अध्यक्ष बाबूलाल साहू बातरा ने मंच, तोरण, वर-माला, भोजन व्यवस्था और बिन्दोरी की विभिन्न समिति का गठन कर दिया गया है, जिसमें गोपाल आसरवा, किशन पंचोली, राहुल पंचौली, जय प्रकाश धावा, किशन झालीवाल, देवेंद्र आसरवा, घनश्याम पंचोली, राम सिंह आसरवा, बंसीलाल पिंडियार, सीताराम पिण्डियार, गुलाबचंद धावा, मुकेश पंचोली, कालूलाल हाड़ा, बजरंग पंचोली कानाराम रेगा, जयकरण हाड़ा, सत्यनारायन पिण्डियार, गोपाल गोटेवाला, दिनेश आसरवा, मोहनलाल पंचौली, मुकेश पंचौली, सूरज बाथरा, भरत झालीवाल, नन्दकिशोर साहू, राजा साहू, चंद्रशेखर आसरवा, राकेश ढाकरिया सहित कई कार्यकर्ताओं को संचालन की जिम्मेदारी दी गयी।

सम्मेलन में दूदू, किशनगढ़, केकड़ी, सरवाड़ समेत अन्य गांवों कसबों सहित चितोड़, भीलवाड़ा, जयपुर व अन्य जिलो के 14 जोड़े विवाह बंधन में बंधें। उन्होंने बताया कि विवाह जोड़ों को समाज की ओर से गृहस्थी की आवश्यक वस्तु व सामान उपहार में सोने का मंगलसूत्र, सोने के टॉप्स, चाँदी की पायजेब, बिछिया, छीक चौथ की पातड़ी, एल.ई.डी. टी.वी 24 इंच, 6/4 का पलंग बॉक्स वाला, अलमारी, गद्दा रजाई, 2 तकिये, चौकी, बर्तन, छत का पंखा, मिक्सी, सफारी सूट का कपड़ा, दुल्हन का बेस एवं दान-दाता द्वारा प्राप्त सामान दिया गया। राजस्थान सरकार द्वारा प्राप्त 15 हजार रुपयों की राशि भी दिलाई जायेगी।

## संगोष्ठी आज से

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय और भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 10 से 11 मार्च को विश्वविद्यालय में आयोजित की जा रही है। संगोष्ठी का विषय 'भारतीय भाषा माध्यम से उच्च शिक्षा: चुनौतियाँ और संभावनाएँ' है। शुकवार सुबह 11 बजे आयोजित उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार, अर्जुन राम मेघवाल होंगे।

# कलेक्टर ने अतिक्रमण पर नाराजगी जताई

**अरांई,** (निसं)। जिला कलक्टर अंशदीप ने उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने सरपंच तथा अधिकारियों को सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवाकर निलामी करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर गुरूवार को पंचायत समिति के विडियो कांफ्रेसिंग कक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याएं सुन रहे थे।

जिला कलक्टर अंशदीप ने कहा कि अधिकारी संवेदनशील होकर आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हे राहत प्रदान करना सुनिश्चित करे। जनसुनवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा में नाम जुडवाने, आम रास्ता और सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाने, पेयजल आपूर्ति और प्रेशर संबंधी समस्या, विद्युत संबंधी कई समस्याओं को सुनते हुए उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और विभागीय अधिकारियों को उचित कार्रवाई कर पालना रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

अतिक्रमण पर जताई नाराजगी: अरांई निवासी जितेन्द्र आचार्य ने जिला कलक्टर को शिकायत करते हुए बताया कि किशनगढ-अरांई रोड पर उसके पट्टाशुदा तथा बेशकीमती 2 बीघा आबादी भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से ईटों का कारोबार किया जा रहा है। इस पर कलक्टर अंशदीप ने नाराजगी जताते हुए अतिक्रमी को बेदखल करने के निर्देश दिए। वार्ड न 2 में रसीद के मकान से पुष्पा के मकान तक अधूरी बनी सड़क को पूरा करने के लिए विकास अधिकारी को दिशा-निर्देश दिए। इसी प्रकार खेल मैदान की भूमि से भी अतिक्रमण हटवाने की मांग की गई। पेंशनर समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण ने उपखण्ड मुख्यालय पर आरजीएचएस की दवा की दुकान खोलने की मांग की। इस पर कलक्टर ने जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 19 जनसमस्याओं को समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी देवीलाल यादव, तहसीलदार हनुमान प्रसाद, विकास अधिकारी दौलत सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।


**नाम परिवर्तन**

मेरा आर्मी सर्विस नं.15772085W रैंक-Hav (DS) नाम-RAM VINOD पता- Vill - Supa, post-Belahar, तह. व जिला Mainpuri, U.P. हैं, मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम SAGUNA DEVI दर्ज़ है जो ग़लत है, भविष्य में मेरी माता को JANAKI DEVI के नाम से जाना जाए। शपथ पत्र सं. BE 960930 dt. 06.03.2023



**नाम परिवर्तन**

मेरा आर्मी सर्विस नं.15772085W रैंक-Hav-(DS) नाम-RAM VINOD पता-Vill-Supa, post-Belahar, तह. व जिला Mainpuri, U.P. हैं, मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम SUBEDAR SINGH दर्ज़ है जो ग़लत है, भविष्य में मेरे पिता को SUBEDAR के नाम से जाना जाए। शपथपत्र सं. BE 960929 dt. 06.03.2023



**कार्यालय ग्राम पंचायत दादिया पंचायत समिति अरांई, अजमेर**

क्रमांक-ग्रा.प.दादीया/निविदा/2022-23/102 दिनांक 3.3.23

**ई- निविदा सूचना संख्या - 02/2022-23**

पंचायत समिति अरांई की अधीनस्थ ग्राम पंचायत दादीया में निर्मा कार्यों के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाएं दिनांक 03.03.2023 से आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क/ धरोहर राशि/ प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर अवलोकन की जा सकती है।

NIB NO- ZAJ2223A0921
UBN No- ZAJ2223WSLB00999

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत दादीया, ग्राम पंचायत अरांई
सरपंच, ग्राम पंचायत दादीया, ग्राम पंचायत अरांई



**द्वितीय पुण्यतिथि**




हमारे पूजनीय

**श्री हरिनारायण शर्मा** (रिटायर्ड प्रो. राज. कृषि वि.वि.)

आपका समर्पण, सत्यनिष्ठा, उच्च विचार और जीवन मूल्य सदैव हमारा मार्गदर्शन करते हैं। आज हम सभी आपका पुण्य स्मरण करते है और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

श्रद्धावनत

उषा शर्मा (पत्नी), गरिमा शर्मा - मनीष दुबे, चारू शर्मा - विनोद द्विवेदी (पुत्री - दामाद), सौम्या, रिद्धिमा (दोहिती) एवम् समस्त परिवार और मित्रगण


# महिला मेट व सुरक्षा सखी संवाद का आयोजन

**भीलवाड़ा।** जिला कलक्टर आशीष मोदी की पहल पर जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को महिला मेट एवं सुरक्षा सखी संवाद तथा प्रशिक्षण का आयोजन नगर परिषद टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर आशीष मोदी के साथ पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू सहित विभिन्न पंचायत समितियों के प्रधान, जनप्रतिनिधि एवं महिला मेट तथा अधिकारी मौजूद रहें।

जिला कलक्टर आशीष मोदी ने कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण किया जा रहा है, साथ ही महिलाओं के माध्यम से मनरेगा का भी सुदृढ़ीकरण हो रहा है। जिले में शत प्रतिशत महिला मेट के नियोजन के लिए उन्होंने सभी सरपंचों, जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिला मेट के नियोजन से मनरेगा में भ्रष्टाचार के मामलों में कमी आई है। राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य मनरेगा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना है एवं मनरेगा में महिला मेट की नियुक्ति से कार्य की गुणवत्ता बढ़ रही है तथा महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिल रहा है। जिले में पुलिस विभाग तथा जिला परिषद के माध्यम से प्रत्येक पंचायत समिति पर कैंप लगाकर महिला मेटो को सुरक्षा सखी के रूप में पंजीकृत किया गया। श्री मोदी ने कहा कि सभी सुरक्षा सखी का दायित्व है कि सभी समस्याओं को पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं जिससे प्रत्येक ग्राम अपराध मुक्त हो सके। मुख्यमंत्री गहलोत की पहल पर राज्य में एफआईआर अनिवार्य की गई है, इससे त्वरित कार्यवाही होगी। जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू ने इस दौरान कहा कि जिले की समस्त महिलाएं निर्भर, निडर रहे एवं कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महिला सशक्तिकरण हेतु महिला सुरक्षा सखी अभियान शुरू किया है।


**कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी (ईजीएस) एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति बदनोर, भीलवाड़ा**

क्रमांक-पंसआ/निविदा-2023-24/2022-23/1426 दिनांक- 3/3/2023

**निविदा सूचना संख्या 01/2023-24**

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं पंचायतीराज/ग्रामीण विकास की समस्त योजनान्तर्गत पंचायत समिति बदनोर के लिए नीचे अंकितानुसार कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 14.03.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक विक्रय की जाकर मध्यान 1.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष मध्यान 2.00 बजे से खोली/बोली लगायी जायेगी। निविदा प्रपत्र नकद भुगतान कर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अमानत राशि **विकास अधिकारी पंचायत समिति बदनोर** के नाम देय डिमाण्ड ड्राफट के माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी। समस्त अनुबन्ध वर्ष 2023-24 के लिए अर्थात 31.03.2024 तक ही मान्य होंगे।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) | अमानत राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फोटो स्टेट कार्य | 4.00 | 8000 | 200 |
| 2 | किराये पर वाहन | 4.00 | 8000 | 200 |
| 3 | स्टेशनरी कय | 4.00 | 8000 | 200 |
| 4 | प्रिन्टिंग कार्य | 3.00 | 6000 | 200 |
| 5 | प्रिन्टिंग कार्य (Print & Write on Wall) | 9.00 | 18000 | 500 |
| 6 | किराये पर टेंट सामग्री आपूर्ति कार्य | 2.00 | 4000 | 200 |
| 7 | चाय, नास्ता, भोजन आपूर्ति कार्य | 2.00 | 4000 | 200 |
| 8 | प्रिन्टर टोनर रिफलिंग कार्य | 2.00 | 4000 | 200 |
| 9 | मृत मवेशियों की हड्डी ठेका नीलामी | 1.00 | 2000 | 200 |
| 10 | फोटो स्टेट कार्य | 1.50 | 10000 | 500 |

नोट रू- विस्तृत शर्ते कार्यालय समय में देखी जा सकती हैं।

कार्यक्रम अधिकारी एवं विकास अधिकारी
पंचायत समिति, बदनोर (भीलवाड़ा)



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगरपरिषद कुचामन सिटी**

Email : eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in
munibkcity@gmail.com
फोन नं. 01586-220022
01586-221526

क्रमांक :- न.प.कु./2022-23/7306 दिनांक :- 9/03/2023

**लोक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी की जानकारी में यह लाया गया है कि नगरपरिषद कुचामन सिटी तहसील कुचामन सिटी जिला नागौर में निम्नानुसार ग्राम कुचामन सिटी की वर्णित भूमि खातेदारी शुदा का आवासीय प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है/किया गया है :-

| क्र.सं. | खसरा नम्बर | खाता नं. | रकबा | कॉलोनी का नाम क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 3300/83 | 886 | 4.2200 में से 2.1100 हैक्टेयर | बूड़सू रोड़ |
| 2. | 81 | 886 | 0.060 में से 0.030 हैक्टेयर | बूड़सू रोड़ |
| 3. | 2195 | 288 | 0.47 हैक्टेयर | धायवाली कोठी, पदमपुरा रोड़ |

इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियिम, 1956 की धारा 90-क की उप-धारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी हैं।

अत: उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बतायें कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाये और इसलिए क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्त निहित किया जा सके।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2023 (वर्ष) के 03 (मास) के 09 दिन की जारी की जाती है।

नोट :- उक्त खसरा नम्बरान् की भूमियों में नदी, नाला, तालाब पेटा, आबी, नियमन से निषिद्ध भूमियां तथा अवाप्तशुदा भूमियां, सिवायचक भूमियां शुमार नहीं होगी।

प्राधिकृत अधिकारी
आयुक्त नगरपरिषद कुचामन सिटी

# वीरांगनाएं फिर मुख्यमंत्री से मिलने निकली, पुलिस ने रोका तो मुंह में घास लेकर नतमस्तक हुई



पुलवामा शहीदों की वीरांगनाओं ने गुरुवार को फिर मुख्यमंत्री आवास की तरफ कूच किया, जब पुलिस ने उन्हें रोका तो मुंह में हरी घास लेकर जमीन पर लेटकर नतमस्तक होकर सीएम से मिलने की गुहार लगाई।

- **खाचरियावास का मध्यस्थता करने से इंकार, कहा, ''मुख्यमंत्री के ट्वीट के बाद कुछ नहीं बोल सकता'**
- **किरोड़ी ने कहा, ''मांगे नहीं मानने तक जारी रहेगा धरना''**

**जयपुर**, (का.प्र.)। पिछले 10 दिन से धरना दे रही पुलवामा शहीदों की वीरांगनाओं ने गुरुवार को फिर मुख्यमंत्री आवास की तरफ कूच किया, लेकिन उन्हें राजभवन चौराहे पर पुलिस ने रोक लिया। इस दौरान वीरांगनाओं ने पुलिस के आगे मुंह में हरी घास लेकर जमीन पर लेटकर नतमस्तक होकर गुहार लगाई और कहा कि वह अपनी मांग को लेकर मुख्यमंत्री तक जाना चाहती हैं, उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने दिया जाए।

तीन वीरांगनाएं जयपुर में 7 दिन शहीद स्मारक पर धरना देने के बाद पिछले 3 दिन से पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बंगले के बाहर धरना दे रही हैं। गुरुवार दोपहर बाद किरोड़ी लाल मीणा के साथ वीरांगनाओं ने मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच किया, जहां पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद वीरांगनाओं ने आदिवासी परंपरा के अनुसार मुंह में हरी घास लेकर पुलिस से दंडवत होकर निवेदन किया कि उन्हें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलने दिया जाए। दरअसल आदिवासी समाज में परंपरा है कि किसी भी फरियाद या विनती को मुंह में हरी घास लेकर करने से वो पूरी होती है। वीरांगनाओं ने कहा कि हमें 10 दिन हो गए धरने पर बैठे हुए। बेमौसम बारिश में हम भीग रहे हैं, लेकिन प्रदेश की गहलोत सरकार इस कदर गूंगी-बहरी हो चुकी है कि उन्हें हमारी मांग सुनाई नहीं दे रही है, इसलिए हम सीएम गहलोत से मिलने के लिए उनके आवास पर जा रहे हैं, लेकिन पुलिस ने एक बार फिर तानाशाही रुख अपनाते हुए हमें रोक लिया। हमे मिलने नहीं दिया जा रहा है। वीरांगनाओं ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग है पति के बाद मिलने वाली नौकरी देवर को दी जाए। इसके साथ ही सांगोद चौराहे पर शहीद की मूर्ति लगाई जाए। उन्होंने कहा कि ये छोटी सी मांग सरकार नहीं मान रही है। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि बड़ा दुर्भाग्य है कि राजस्थान की वीरांगनाओं को अपनी चुनी हुई सरकार के नेता से मिलने के लिए गुहार लगाना पड़ रहा है। सरकार इस कदर गूंगी-बहरी हो चुकी है कि उन्हें इन वीरांगनाओं के आंसू भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। मीणा ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती धरना जारी रहेगा।

गुरुवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर अपनी मजबूरी जताते हुए कह दिया कि कैसे इस मामले में शहीद के बच्चों की जगह शहीदों के दूसरे परिजनों को नौकरी दे सकते हैं, अगर वह ऐसा करेंगे तो शहीदों के उन बच्चों का क्या होगा। इधर इस मामले में मध्यस्थ बनाए गए मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने अपने आपको इस मामले से किनारे कर लिया है। खाचरियावास ने गुरुवार को जयपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि देवर को नौकरी देने के लिए हम तैयार हो गए थे, लेकिन उसके बाद मुख्यमंत्री का ट्वीट आ गया और मुख्यमंत्री के ट्वीट आने के बाद किसी मंत्री के पास बोलने को कुछ रह नहीं जाता। खाचरियावास ने कहा कि अब यह मामला मुख्यमंत्री के पास है। हम तो उसी दिन इस मामले को खत्म कर रहे थे। ऐसे में अब हमारे पास बोलने को कुछ बचा नहीं है। खाचरियावास ने कहा कि अब हम मंत्री के नाते ज्यादा से ज्यादा मुख्यमंत्री से इस बात की रिक्वेस्ट कर सकते हैं कि वीरांगना के मामले को सुलझाएं। खाचरियावास ने कहा कि मुख्यमंत्री के कहने पर ही हम दो दिन पहले वीरांगनाओं से वार्ता करने पहुंचे थे, लेकिन उसके बाद जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर दिया तो हमारे पास कुछ नहीं बचा। वैसे भी मुख्यमंत्री हम मंत्रियों से पूछ कर तो ट्वीट करते नहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि गहलोत के कहने पर तीनों वीरांगनाओं से बात करने मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और मंत्री शकुंतला रावत पहुंची थीं। उन्होंने वीरांगनाओं की मांगों को मानने के लिए हां भी कर दिया था, लेकिन जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ट्वीट कर साफ कर दिया कि वीरांगना के देवर को नौकरी देने में कानूनी अड़चन है तो अब मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने इस मामले में मध्यस्थता करने से हाथ खींच लिए है।

# वीरांगनाओं ने पूछा सवाल, ''आख़िर मुख्यमंत्री क्यों कतरा रहे हैं मिलने से?''

## दसवें दिन भी जारी रहा डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा का धरना। मीणा ने कहा निष्ठुरता की सीमा पार कर रहे हैं मुख्यमंत्री

**जयपुर**। न्याय की माँग को लेकर पिछले 10 दिनों से धरने पर बैठी वीरांगनाओं का ग़ुस्सा गुरुवार को एक बार फिर फूट पड़ा। तेज़ बारिश में वीरांगनाएं धरना स्थल सचिन पायलट के आवास से मुख्यमंत्री आवास की ओर से कूच कर गई। यहाँ पुलिस कर्मियों के साथ उनकी ज़ोरदार झड़प भी हुई। उन्होंने दाँतों में तिनका दबाकर शरणागत होते हुए शहीदों के सम्मान की बात कही।

दोपहर बाद तीन बजे वीरांगनाएं बारिश की परवाह किए बिना के मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर गई। यहाँ बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस कर्मियों ने वीरांगनाओं को रोकने की पूरी कोशिश की। हालात बिगड़ते देखकर सांसद किरोड़ी मीणा भी मौक़े पर पहुँच गये और उन्होंने वीरांगनाओं को रोककर शांति स्थापित की। काफ़ी देर तक झड़प के बाद वीरांगनाओं ने याचना करते हुए कहा कि यह सरकार की हठधर्मिता है कि पिछले 10 दिन से धरने पर बैठने के बावजूद हमारी बात नहीं सुनी जा रही है। मुख्यमंत्री के पास इतना भी समय नहीं है की हमारे पति देश की रक्षा के लिए कुरबान हो गए उनसे मिलकर उनका दर्द जान सकें। वीरांगनाओं ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि उन्हें पता है कि उनका घर कैसे चल रहा है। हम अपने देवर को नौकरी दिलाना चाह रहे हैं इसमें क्या हम मुख्य मंत्री की बेटे की नौकरी छीन रहे हैं।

डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने कहा कि वीरांगनाएँ 10 दिन से धरने पर बैठी है लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। वीरांगना मंज़ू जाट आमरण पाँच दिन से अनशन पर है एक और वीरांगना को किसी तरह का ख़तरा हुआ तो इसकी पूरी ज़िम्मेदारी सरकार की रहेगी। डॉक्टर मीणा ने कहा की दाँतों में तिनका दबाए हुए वीरांगनाएं मुख्यमंत्री के शरणागत हो रहे शहीदों के सम्मान की याचना कर रही है पर निष्ठुरता की सीमा पार कर चुके मुख्यमंत्री सम्मान देने के बजाय व्यर्थ की बयानबाजी कर रहे हैं। डॉक्टर मीना ने कहा कि गुर्जर आंदोलन में मृतक परिवारों में देवर भतीजों आदि सदस्यों को नौकरी दी गई थी जब यहाँ नौकरी दे सकते हैं इस मामले में क्या दिक़्क़त है।

# राज्य सरकार ने पेश किया शहर का दस साल का विजन प्लान

- **राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से आदेश की पालना में सरकार की ओर से मुख्य सचिव ने पेश किया प्लान**

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से दिए आदेश की पालना में राज्य सरकार की ओर से शहर का दस साल का विजन प्लान अदालत में पेश किया गया है। मुख्य सचिव की ओर से पेश इस प्लान में सफाई, पार्किंग, यातायात, अतिक्रमण और आवारा पशुओं को लेकर बनाई योजना की जानकारी दी गई है।

मुख्य सचिव ऊषा शर्मा की ओर से पेश विजन प्लान में कहा गया है कि शहर की सफाई व्यवस्था नगर निगम से संबंधित है। ग्रेटर और हेरिटेज निगम ने वार्डवार सर्वे कर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई है। इसके तहत डोर टू डोर कचरा एकत्रित कर उसका परिवहन किया जाएगा। सार्वजनिक सड़कों की सफाई के साथ ही कचरा डीपो से कचरा एकत्र कर उसका परिवहन किया जाएगा। वहीं शहर में रात्रिकालीन और मशीनों से सफाई की जाएगी। इसके अलावा सफाई के हालातों को जानने के लिए मौके पर समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा और कचरा फैलाने वालों से केयरिंग चार्ज वसूला जाएगा। इसके अलावा कचरा निस्तारण के लिए केन्द्रीयकृत कंपोस्ट प्लांट स्थापित किया जाएगा और शहर में मैटेरियल रिकवरी सुविधा शुरू की जाएगी। इसके साथ ही कॉमन बायो-मेडिकल ट्रीटमेंट सुविधा के साथ ही कचरागाह पर बायो माइनिंग प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरे को ऊर्जा में बदलने के लिए सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा और एसटीपी प्रोजेक्ट्स पर भी फोकस किया जाएगा। मुख्य सचिव की ओर से प्लान पेश कर बताया गया कि जेडीए और ट्रेफिक पुलिस मौजूदा परिवहन व्यवस्था में सुधार लाएगी। इसके तहत चौराहों के हालात में सुधार के साथ ही दुर्घटना वाले स्थानों को हटाकर सडकों पर संकेत और मार्किंग की जाएगी। इसके साथ ही आवश्यकता होने पर आरओबी, आरयूबी और एलिवेटेड रोड निर्माण के साथ ही रोड लाइटों को दुरुस्त किया जाएगा। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने के लिए कई अभिनव प्रोजेक्ट भी शुरू किए हैं। इसके अलावा प्रदूषण को कम करने के लिए जेसीटीएसएल की ओर से तीन सौ इलेक्ट्रिक बसें भी शुरू की जाएगी। मुख्य सचिव की ओर से अदालत को बताया गया कि पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ करने अतिक्रमण हटाने और आवारा पशुओं की समस्या समाप्त करने के लिए नगर निगम और जेडीए ने सर्वे कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ली है। गौरतलब है कि शहर को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट से मामला हाईकोर्ट में भेजा गया था। हाईकोर्ट ने इसे वर्ष 2015 में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान के तौर पर दर्ज कर समय-समय पर राज्य सरकार को दिशा-निर्देश जारी किए। वहीं गत 31 जनवरी को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से शहर के विकास को लेकर दस साल का विजन प्लान पेश करने को कहा था।

## करोना से एक संक्रमित की मौत

**जयपुर**। प्रदेश में गुरूवार को करोना से एक संक्रमित की मौत हो गई है। वहीं इस बीच पांच नए मरीज सामने आए हैं। इधर पिछले चौबीस घंटों में केवल तीन ही मरीज रिकवर हुए हैं। राज्य में फिलहाल 28 नए एक्टिव केस मौजूद है। प्रदेश में गुरूवार को राजसमंद में 3 और जयपुर में 2 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले राज्य में बुधवार को दो ही रोगी पाए गए थे। इधर आज काफी दिनों बाद राजधानी जयपुर में करोना से एक संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9656 लोगों की जान जा चुकी है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में केवल तीन ही मरीज ठीक हुए हैं। फिलहाल राज्य में 28 एक्टिव केस मौजूद है। इनमें उदयपुर में 16, जयपुर में 5, राजसमंद में 3, अजमेर में 2 और अलवर व जैसलमेर में 1-1 मामला है।

# कांस्टेबल के प्राइवेट पार्ट में डाला पेट्रोल

**जयपुर**। राजधानी के शिप्रा पथ थाने में होली खेलने के दौरान शराब के नशे में साथी कांस्टेबल के प्राइवेट पार्ट में पैट्रोल डालने का मामला सामने आया है। जब कांस्टेबल की तबीयत बिगड़ी गई तो उसे पास ही के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टर के पूछने पर साथी पुलिसकर्मियों ने बताया की एलर्जी होने से तबीयत खराब हुई है।

पूरी घटना 8 मार्च की बताई जा रही है। जयपुर के नंबर वन थाने का अवार्ड जीत चुके शिप्रा पथ थाने में शराब के नशे में पुलिसकर्मी पैट्रोल की होली खेल रहे थे। थाने में शराब के नशे में पुलिस के जवान होली की मस्ती में सारी मर्यादाओं को लांघते हुए शराब पीते दिखे। होली खेलने के दौरान सभी जवानों ने थाने में जमकर शराब पी और इसी दौरान कांस्टेबल रोशन, सवाई और छोटू को मस्ती सूझी और 50 वर्षीय अधेड साथी चेतक ड्राइवर कांस्टेबल को पकड़ लिया।

कांस्टेबल ने विरोध किया तो तीनों ने पास ही में रखी पेट्रोल की बोतल उठाई और जबरन कांस्टेबल के प्राइवेट पार्ट में उडेल दी। पेट्रोल डालते ही कांस्टेबल की तबीयत बिगड़ गई और पूरा थाना स्टाफ सकते में आ गया। आनन-फानन में बेहोशी की हालत में कांस्टेबल को पास ही के राजकीय अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर से पूछने पर साथी पुलिसकर्मी ने बताया कि एलर्जी होने की वजह से तबीयत बिगड़ी है। उसके बाद उसे घर छोड़ दिया गया।

# 'राजस्थान पैरा मेडिकल काउंसिल' में पंजीकृत होने के लिये प्रदेश का मूल निवासी होना जरूरी नहीं'

## हाईकोर्ट में पैरा मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होने के लिये इस शर्त को रद्द करने के लिये याचिका दायर की

- **वकीलों की हड़ताल के कारण इस मामले में सुनवाई की तारीख तय नहीं हो पाई है परंतु मामले को जानने वाले वकीलों ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि अदालत इस मामले में जल्द सुनवाई करेगी**
- **याचिकाकताओं का कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 16(1), 16(2) और 16(3) के तहत राज्य सरकारें किसी भी व्यक्ति के मूल निवास के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकतीं**

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में वीरेन्द्र कुमार तथा 11 अन्य याचिकाकर्ताओं ने रिट याचिका दायर करते हुए अदालत से गुहार की है कि 'राजस्थान पैरा मेडिकल काउंसिल' में पंजीकृत होने के लिये राजस्थान का मूल निवासी होने की शर्त को रद्द किया जाये। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से यह भी गुहार की है कि अगर उन्हें राजस्थान पैरा मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण नहीं किया जा सकता तो भी उन्हें 'असिस्टेंट रेडियोग्राफर' के पद पर नियुक्त किये जाने के लिये योग्य घोषित किया जाये। बहरहाल हाईकोर्ट में वकीलों की हड़ताल के कारण इस मामले में सुनवाई नहीं हो पाई है परंतु मामले को जानने वाले वकीलों ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि अदालत इस मामले में जल्द सुनवाई करेगी।

इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अरविंद कुमार शर्मा और उनके सहायक आनंद कुमार शर्मा ने याचिका दायर की है। वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता का कहना है कि वे उत्तरप्रदेश मेडिकल फैकल्टी के सदस्य हैं। उन्होंने अपनी याचिका में बताया कि राजस्थान पैरामेडिकल काउंसिल ने 14 दिसम्बर 2022 को उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल को पत्र लिखकर कहा कि अगर उक्त सदस्यों की सदस्यता उत्तरप्रदेश मेडिकल फैकल्टी ने रद्द नहीं की तो राजस्थान पैरा मेडिकल काउंसिल को पंजीयन के लिये आवेदन को रद्द करना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि इसी विवाद से जुड़े एक अन्य मामले में याचिकाकर्ताओं ने राजस्थान हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, क्योंकि राजस्थान पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा असिस्टेंट रेडियोग्राफर के पद की नियुक्ति के लिये जारी विज्ञप्ति के संदर्भ में दायर उनके आवेदनों को रद्द कर दिया गया था। तब राजस्थान हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी किये कि याचिकाकर्ता पद के लिये आवेदन देने के लिये योग्य हैं, परंतु अदालत ने यह भी कहा था कि याचिकाकर्ताओं की राजस्थान पैरामेडिकल काउंसिल में सदस्यता और भर्ती प्रक्रिया के परिणाम अदालत के अंतिम आदेश पर निर्भर करेंगे।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने 20 फरवरी 2023 को राजस्थान पैरा मेडिकल काउंसिल (अमेन्डमेंट) रेगुलेशन-2023 अधिकारिक गजट में प्रकाशित कर दिये जिसमें नियम 42 का संशोधन किया गया और पैरा मेडिकल काउंसिल में सदस्यता पाने के लिये प्रदेश का मूल निवासी होने की शर्त को जोड़ा गया। जैसा कि विदित है कि प्रदेश का मूल निवासी घोषित होने के लिये उम्मीदवार को प्रदेश में कम से कम 10 साल पहले से निवासी होना चाहिये और उसको साबित करने के लिये उपयुक्त दस्तावेज भी होने चाहिये।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 15 दिसम्बर 2022 को असिस्टेंट रेडियोग्राफर के पद की नियुक्ति के लिये जारी विज्ञापन में लिखा गया है कि राजस्थान पैरा मेडिकल काउंसिल के सदस्य ही नियुक्तियों के लिये आवेदन भेज सकते हैं।

परंतु नये संशोधित नियमों से स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार याचिकाकर्ताओं को राजस्थान पैरा मेडिकल काउंसिल का सदस्य नहीं बनने देना चाहती ताकि वह 'असिस्टेंट रेडियोग्राफर' के पद पर नियुक्ति के लिये आवेदन नहीं दे पाये। उनका कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 16(1), 16(2) और 16(3) के तहत राज्य सरकारें किसी भी व्यक्ति के मूल निवास के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकतीं। याचिकाकर्ताओं का यह भी कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत किसी भी व्यक्ति के पास यह अधिकार होता है कि भारत में कही पर भी रहे और कोई भी कार्य या व्यापार करे। परंतु राज्य सरकार के इस फैसले की मेडिकल काउंसिल का सदस्य होने के लिये प्रदेश का मूल निवासी होना पड़ेगा, यह असंवैधानिक है।

# सब इंस्पेक्टर की पत्नी ने फांसी लगाकर जान दी

- **पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा**
- **सुसाइड नोट में ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप**

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर इलाके में सब इंस्पेक्टर की पत्नी ने ससुराल वालों के टॉर्चर से परेशान होकर सुसाइड कर लिया। विवाहिता अपने कमरे में रस्सी के फंदे से लटकी मिली। मौत से पहले उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसे मानसरोवर थाना पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने एसएमएस हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर महिला का शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट में मृतका ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मृतका शिवानी बढाणा (25) पुत्री नरेन्द्र कुमार बढाणा किरण पथ मानसरोवर की रहने वाली थी। 7 मार्च को होली पर वह अपने पीहर में थी। परिवारवाले होली की तैयारियों में जुटे थे। इस बीच, शाम करीब 4 बजे शिवानी ने अपने पीहर में ही कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। काफी समय बाद जब शिवानी कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजनों ने उसे आवाज लगाई। जवाब नहीं मिला तो जाकर देखा कि कमरा अंदर से बंद था। गेट खटखटाने के बाद भी शिवानी ने कोई जवाब नहीं दिया। इस पर गेट तोड़कर देखा तो वह फंदे से लटकी हुई थी। आनन-फानन में परिजन उसे किरण पथ मानसरोवर स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर गए, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पडौसियों ने बताया कि धुलंडी पर शिवानी ने अपनी सहेलियों के साथ होली खेली थी। हंसी-खुशी होली खेलने के बाद बाजार से पिज्जा मंगवाकर पार्टी की थी। दोपहर में उसके पिता की सुसरालवालों से बातचीत हो रही थी।

त्योहार होने के कारण उन्होंने अगले दिन आने को कहा था ताकि बैठकर बातचीत की जा सके। मोबाइल स्पीकर पर था और शिवानी ने भी उनकी बातें सुन लीं। इसके बाद शिवानी ने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मृतका के पिता नरेन्द्र कुमार बढाणा ने पुलिस को बताया कि दिसंबर 2021 में बेटी शिवानी की शादी मनोहरपुर (शाहपुरा) निवासी प्रसनजीत से हुई थी। प्रसनजीत भुवनेश्वर में सबइंस्पेक्टर के पद पर तैनात है। उन्होंने बताया कि बेटी की शादी में कार-कैश से लेकर भरपूर दहेज दिया था। फिर भी शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुरालवाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज के लिए शिवानी को बहुत टॉर्चर किया गया। होली से 2-3 दिन पहले ही शिवानी को उसका ससुर और जेठ बुखार की हालत में कपड़ों सहित घर के बाहर छोड़कर गए थे। दहेज के लिए मेंटल टॉर्चर से परेशान होकर ही शिवानी ने अपनी जान दे दी।

## खादी उत्पादों पर विशेष छूट

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर राज्य में उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत विशेष छूट देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। यह छूट 2 अक्टूबर 2023 से 30 जनवरी 2024 तक लागू रहेगी।

# बी.के.अग्निहोत्री निदेशक बने



**जयपुर**, (का.सं.)। ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार ने गुरूवार को आदेश जारी कर राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम में एक वर्ष के लिए बी.के.अग्निहोत्री को निदेशक (वित्त) के पद पर नियुक्त किया है। बी.के.अग्निहोत्री वर्तमान में राविउनि के मुख्य लेखा नियंत्रक के पद पर कार्यरत है तथा निदेशक (वित्त) के पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे हैं। उन्हें राजस्थान राज्य विद्युत मंडल और राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के विद्युत गृहों में कार्य करने का 34 वर्षों का सुदीर्घ अनुभव है।

## विवाहिता ने जहर खाया, अस्पताल में मौत

**जयपुर** (कासं)। करधनी इलाके में विवाहिता ने सुसाइड नोट लिखकर जहर खा लिया। तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। करधनी पुलिस ने एस.एम.एस. हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के बेड के नीचे मिले सुसाइड नोट को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पति की रिपोर्ट पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मृतका बबीता (32) खोरा बिसल करधनी की रहने वाली थी। वह अपने पति नेमीचन्द (34) और बेटे रिशु (9) व गुनू (5) के साथ यहां रहती थी। गत 5 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे बबीता ने घर पर जहर खा लिया। मां की तबीयत खराब होते देखकर बेटे ने पिता को कॉल कर बताया। घर पहुंचने पर नेमीचन्द को बबीता बेहोशी की हालत में मिली, जिसे तुरंत कावंटिया हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। बबीता का हालत गंभीर देखकर उसे एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।, जहां इलाज के दौरान 7 मार्च को बबीता की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पति ने बताया कि इलाज के दौरान बबीता ने थोड़ी देर होश में आने पर बताया था कि रामदेव बुनकर और उनके बेटों व बाबूलाल को मत छोड़ना। उन्होंने मेरी जिंदगी खराब कर दी है। इतना कहकर बबीता फिर बेहोश हो गई थी। बबीता की मौत के बाद घर पर बेड के गद्दे के नीचे डायरी रखी मिली। डायरी में बबीता का लिखा सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में लिखा था, ''मैं बबीता सुसाइड कर रही हूं। क्योंकि मुझे रामदेव गांधी और उसके दोनों बेटे व जंवाई बाबूलाल बहुत परेशान कर चुके है। इन लोगों ने मेरी बेहोशी का फायदा उठा कर मेरी वीडियो बनाई। जिस दबाव में आकर मैंने इनसे एग्रीमेंट किया। जो कि इन्होंने पुलिस से धमकी दिलवा कर करवाया। रामदेव गांधी के पैसे के चक्कर ही नहीं था। ये तीनों बाप-बेटे खुद में दो चूड़ियां बिकवाए थे। कुछ मेरे पति के जोड़े हुए थे। ये सब पैसे वाले है, इसलिए सब इनकी ही सुन रहे है। परसो, मुझे मुरलीपुरा इनके बेटे मिले थे। उन्होंने बोला या तो मैं चुपचाप मकान उनको दे दूं। नहीं तो वो मुझे बदनाम और मेरे बच्चो को मारवा देंगे। इसलिए किसी ने मेरी सुनवाई नहीं की। पापा-मम्मी मुझे माफ कर देना।

# सिटी पार्क में 20 रुपये प्रवेश शुल्क लागू करते ही घूमने वाले लोगों की संख्या घटी

- **हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन का दावा है कि गुरूवार को 5150 लोगों ने टिकट लेकर पार्क का भ्रमण किया**
- **पार्क में सुबह 6 बजे से 9 तक शुल्क न लेने तथा 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का प्रवेश निःशुल्क रखने पर लोगों ने खुशी जताई**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। मानसरोवर के सिटी पार्क में 20 रुपये का प्रवेश शुल्क शुरू होते ही यहां घूमने वाले लोगों की संख्या घट गई है। हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन का दावा है कि गुरूवार को 5150 से ज्यादा लोगों ने टिकट लेकर पार्क का भ्रमण किया। जबकि सूत्रों की मानें तो यहां पार्क बनने के बाद से अभी तक वर्किंग-डे में रोजाना 7-8 हजार तथा शनिवार-रविवार को 22 से 25 हजार लोग उमड़ते थे।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा का कहना है कि पार्क के रखरखाव के लिए 20 रुपये का न्यूनतम शुल्क रखा है। इससे पार्क में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर भी पाबंदी लगेगी। मंडल की सचिव अल्पा चौधरी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया, आवासन अभियंता के.के. दीक्षित समेत अन्य अधिकारियों ने गुरुवार को विधिवत तरीके से टिकट व्यवस्था को प्रारंभ करवाया। पहले दिन जगह-जगह क्यूआर कोड लगाए गए थे तथा कैश काउंटर पर ऑफलाइन पेमेंट के साथ ऑनलाइन की भी सुविधा दी गई थी।

उन्होंने बताया कि पार्क में सुबह आने वाले मॉर्निंग वॉकर्स ने प्रात: 6 बजे से 9 तक प्रवेश शुल्क ना लेने और 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नि:शुल्क प्रवेश पर खुशी जाहिर की। पार्क में पहुंचे 75 वर्षीय किशन पारवानी ने कहा कि कुछ लोग शाम को आना पसंद करते हैं। ऐसे में सालभर के लिए 999 का रियायती पास वॉकर्स के लिए किसी सौगात से कम नहीं है।

झुंझुनू से आए मोहित सुंडा ने कहा कि शहर के अन्य पार्कों मसलन किशन बाग में 50 रुपए, कुलिश स्मृति वन में 30, जलधारा में 30 में रामनिवास बाग स्थित सावन भादो में 20 का प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है। ऐसे में केवल 20 रुपए प्रवेश शुल्क किसी भी स्तर पर ज्यादा नहीं है। काबिले गौर है कि प्रदेश के अलावा देश के अन्य शहरों में स्थित मशहूर पार्कों में भी टिकटिंग की व्यवस्था काफी समय से संचालित हो रही है। पार्क में आए लोगों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड से पेमेंट को सराहा। परिसर में जगह-जगह क्यूआर कोड प्रदर्शित किए गए जिनसे आसानी से पेमेंट हो पा रहा था। आमजन गूगल प्ले स्टोर से सिटी पार्क जयपुर ऐप डाउनलोड कर आसानी से प्रवेश शुल्क का भुगतान कर रहे थे।

